पंजाब केसरी 14/10/2025

# ड्रोन इंटेलिजैंस सिस्टम्स पर प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित

अम्बाला, 13 अक्तूबर (बलराम): गांधी मैमोरियल नैशनल कॉलेज, अम्बाला छावनी के कम्प्यूटर एप्लीकेशन्स विभाग एवं इन्क्यूबेशन क्लब के संयुक्त तत्वावधान में आईएचएफसी टैक्नोलॉजी इनोवेशन हब, आईआईटी दिल्ली के सहयोग से ड्रोन इंटेलिजैंस सिस्टम्स पर एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया।

यह प्रशिक्षण कार्यक्रम आई.एच.एफ.सी. आई.आई.टी. दिल्ली की विशेषज्ञ टीम ऋतु वर्मा आर एंड डी एसोसिएट, अनुष्का सेन प्रोजैक्ट इंटर्न तथा भार्गवी वाथ प्रोजैक्ट इंटर्न द्वारा संचालित किया गया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों को ड्रोन तकनीक के नवीनतम विकास एवं उसके चिकित्सा, कृषि, औद्योगिक और रक्षा क्षेत्रों में उपयोग से अवगत कराना था।

प्रतिभागियों को ड्रोन तकनीक, सिमुलेटर और लाइव डेमोन्स्ट्रेशन के माध्यम से व्यावहारिक अनुभव प्रदान किया गया। इस प्रशिक्षण ने विद्यार्थियों को भविष्य में ड्रोन तकनीक के क्षेत्र में उपलब्ध अवसरों के प्रति जागरूक किया।कॉलेज के प्राचार्य डॉ. रोहित दत्त ने इस पहल की सराहना की और विभाग एवं आईएचएफसी आईआईटी दिल्ली के संयुक्त प्रयासों की प्रशंसा की।